1– राजस्व ग्राम मोगड़ा कलां के खसरा संख्या 213 जिसका कुल रकबा 114. 67 बीघा अर्थात् 185687 वर्गमीटर हैं, पर एक आवासीय योजना बनायी जानी प्रस्तावित है। जिसके अन्तर्गत जोधपुर जिले में पदस्थापित अधिकारियों/कर्मचारियों को भूखण्ड आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना में विभिन्न आकार के कुल 476 भूखण्डों का प्रावधान किया गया हैं। अतः इस बाबत् प्रस्ताव कार्यकारी समिति में प्रस्तुत कर निवेदन हैं, कि भूखण्डों के आवंटन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया किस प्रकार रखी जानी है– Manual या Compuerised ?

2– राजस्थान नगर सुधार न्यास (नगरीय भूमि निस्तारण) नियम 1974 के प्रावधानो अनुसार किसी भी योजना क्षैत्र के कुल भूखण्डों में से 75 प्रतिशत आवंटन से एवं शेष 25 प्रतिशत नीलामी से निस्तारित किए जानें है। उक्तानुसार 25 प्रतिशत भूखण्डों को नीलामी से विक्रय किया जाना हैं। अतः इस बाबत् प्रस्ताव कार्यकारी समिति के समक्ष स्पष्ट मार्गदर्शन हेतु प्रस्तुत हुआ।

बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से बिन्दु संख्या–1 के कम में लॉटरी प्रकिया Manual किये जाने का निर्णय लिया तथा बिन्दु संख्या–2 के कम में सभी के लिए खुली नीलामी से विकय किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 16 :: श्री रमेश बाबू दवे पुत्र श्री दीनदयाल दवे को कियोस्क संख्या 2 लालसागर आवंटन करने के संबंध में।

नगर सुधार न्यास, जोधपुर द्वारा श्री रमेश बाबू दवे पुत्र श्री दीनदयाल दवे को राज्य सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2000 को लॉटरी द्वारा कियोस्क संख्या 2 लालसागर हुडको आवंटन लॉटरी में खुला था जिसकी सूचना प्रार्थी को कार्यालय आदेश कमांक 409 दिनांक 16 दिसम्बर, 2000 में कियोस्क की राशि 8000/– जमा कराने हेतु सूचना जारी की गयी थी। उक्त राशि न जमा करवाने पर प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक कियोस्क/120 दिनांक 3 मई, 2001 के द्वारा रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से पुनः सूचित किया गया उक्त सूचना पत्र में यह उल्लेख किया गया कि 7 दिवस में मांगी गई राशि 8000/– न्यास कार्यालय में जमा करावें अन्यथा यह मानते हुए कि आप आवंटित कियोस्क लेने के इच्छुक नहीं है तथा आपका आवंटन निरस्त कर दिया जावेगा तत्पश्चात् आवेदनकर्ता को कार्यालय के पत्रांक एफ. 2003/53 दिनांक

8 अप्रैल, 2003 के द्वारा अंतिम नोटिस 7 दिवस में राशि जमा कराने का दिया गया परन्तु प्रार्थी ने आज दिनांक तक चाही गई राशि कार्यालय में जमा नहीं करवाई गई। उप शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर के पत्र कमांक एफ. 55 (310) एसई/ स्था.नि./ ज.सा.रो. / 2005/ 935–1119 दिनांक 14 जून, 2005 के बिन्दु संख्या 2 के अन्तर्गत स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये है कि जिन आवेदकों द्वारा कियोस्क/भूमि आवंटन किये जाने के बावजूद कब्जा नहीं किया गया है अथवा व्यवसाय प्रारम्भ नहीं किया जा रहा है ऐसा सभी आवंटियों को नियमानुसार नोटिस देकर 31 मार्च, 2005 तक कियोस्क/भूमि आवंटन निरस्त करने का उल्लेख है। लेकिन प्रार्थी को निरस्तीकरण नोटिस जारी नहीं किया गया है। अतः प्रार्थी पूर्व में आवंटित कियोस्क की राशि जमा करवाना चाहता है। प्रकरण समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत हुआ।

बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव में वर्णित आवंटन निरस्त करने का निर्णय लिया गया तथा भविष्य में राशि जमा कराने हेतु जारी किये जाने वाले नोटिस के प्रारूप में यह तथ्य अंकित किये जाने का निर्णय लिया गया कि यदि आवेदक निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं कराते हैं तो भूखण्ड स्वतः ही निरस्त माना जावेगा, का अंकन अवश्य किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 17 :: भूखण्ड संख्या 49, सेक्टर ए मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया योजना के संबंध में।

तत्कालीन नगर विकास न्यास जोधपुर द्वारा लॉटरी दिनांक 25.04.2008 के द्वारा भूखण्ड संख्य 49 सेक्टर ए मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया का श्री शांती चंद लुकंड को साईज 40*60 का दिया गया आवंटी ने भूखण्ड की राशि रू 20000/– डी.डी संख्या 003626 दिनांक 21.02.2008 को एंव 318463/– रसिद संख्या 0037458 दिनांक 23.06.2008 को जमा करवाये गये आवंटी के लीज डीड वास्ते आवेदन करने पर कनिष्ठ अभियंता की मौका रिर्पोट मंगवाई गयी एंव कनिष्ठ अभियंता की मौका रिर्पोट के अनुसार मौके पर भूखण्ड़ का क्षेत्रफल 367.32 वर्ग मीटर हो गया। जो आंवटित भूखण्ड़ से अधिक है। आवंटी भूखण्ड़ की लीज डीड की मांग कर रहा है। आवंटित भूखण्ड़ से अधिक क्षेत्रफल 144.86 वर्ग.मी कार्यकारी समिति सक्षम निर्णय हेतु प्रस्तुत हुआ।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय्य लिया गया कि आवंटी को आवंटित भूखण्ड का कब्जा दिया जावे। अतिरिक्त क्षेत्रफल के लिए वर्तमान आरक्षित दर के दुगनी दर से यदि राशि जमा कराने को आवंटी सहमत हो तो आवंटन कर दिया जावे अन्यथा अतिरिक्त क्षेत्रफल का अतिरिक्त भूखण्ड सृजित किया जाकर नीलामी के माध्यम से निस्तारण किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 18 :: मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया में निर्मित आवासगृह गाडिया लौहार परिवारों को आवंटन के संबंध में।

वर्ष 2012 में 60 गाडिया लौहारों को मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया में निर्मित आवास आवंटित किये गये थे। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 17 दिसमबर,, 2012 को आम सूचना प्रकाशन कर राशि जमा कराने हेतु अन्तिम अवसर दिया गया था। जिनमें से 8 आवेदकों द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर राशि जमा कराने हेतु अपनी सहमति प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार मांग पत्र जारी किये गये थे जिनमें से 6 व्यक्तियों द्वारा निर्धारित समय में राशि जमा कर लीज डीड जारी कर दी गयी शेष व्यक्तियों द्वारा सहमति नहीं दी गयी। आवास स्वतः निरस्त की आम सूचना प्रकाशन करवाई गई थी जिसमें उल्लेख किया गया था कि निर्धारित समयावधि में सहमति प्रस्तुत करें अन्यथा स्वतः निरस्त समझा जावेगा। वर्तमान में मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया में निर्मित आवासगृहों में करीब 80–82 गाडिया लोहारों का परिवार निवास कर रहा है। राज्य सरकार के आदेश कमांक प.3 (176) नविवि/3/84 दिनांक 13 अक्टूबर, 2011 के प्रदत्त निर्देशानुसार जो गाडिया लोहार पाता रखते हैं उन्हें रियायती दर पर आवास

आवंटन करने का उल्लेख है एवं जो व्यक्ति पात्रता नहीं रखते हैं उन्हें आरक्षित दर पर आवास आवंटित करने का उल्लेख किया गया है।

जिन 60 गाडिया लोहार परिवारों को भूखण्ड आवंटित किया जाना हैं उनका मौके पर क्वाटर्स पर कब्जा नहीं है। मौके पर दूसरे गाडिया लोहारों के परिवार का कब्जा है एवं वे आवासगृह आवंटन की मांग कर रहे हैं। अतः किनको किस प्रकार का आवासगृह का आवंटन किया जावे, इस संबंध में प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णयार्थ समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से काबिज गाडिया लौहारों को आवंटन करने का निर्णय लिया गया तथा जिन गाडिया लोहारों को आवंटित आवासगृह का कब्जा नहीं दिया जा सकता है, उनके संबंध में राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त कर उन्हें बासनी तम्बोलिया में आवासगृह आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 19 :: विवेक विहार योजनान्तर्गत अवार्ड संख्या 243/26/1 व अवार्ड संख्या 243/25 में आवंटित भूखण्ड़ों पर कब्जा व कुछ भूखण्ड 100 मीटर परिधि में ना होने से बदलने बाबत।

निम्नलिखित अवार्डधारक ऋतु सुराणा पुत्र श्री विमल सुराणा व श्री जवाहर सुराणा ने प्रार्थना–पत्र पेश कर इन्हें आवंटित भूखण्डों में निम्न आपत्तियां दायर कर आवंटित भूखण्डों के स्थान पर अन्य भूखण्ड सेक्टर–ए में चाहा है:–

अवार्ड संख्या 243/26/1

अवार्ड धारक का नाम ऋतु सुराणा पुत्री श्री विमल सुराणा

अंतिम मुआवजा सूची के अनुसार देय मुआवजा 583.33 वर्ग गज आवासी लॉटरी अनुसार विवेक विहार योजना में आवंटित भूखण्ड ए–58 रकबा 350 वर्ग गज व ए–291 रकबा 233.33 वर्ग गज कुल रकबा 583.33 वर्ग गज।

उक्त आवंटित भूखण्ड संख्या ए–58 रकबा 350 वर्ग गज के संबंध में अवार्डी ने जरिये श्री जवाहर सुराणा ने निवेदन किया है कि भूखण्ड संख्या ए–58 पर अवैध कब्जा है। अतः प्राधिकरण या तो कब्जा हटावे अथवा इसके स्थान पर 100 मीटर व्यास की दूरी तक कोई अन्य खाली भूखण्ड उपलब्ध कराया जावे।

अवार्ड संख्या 243/25

अवार्ड धारक का नाम श्री जवाहर सुराणा

अन्तिम मुआवजा में सूची के अनुसार देय मुआवजा 1396.86 वर्ग गज आवासीय लॉटरी अनुसार आवंटित भूखण्ड संख्या ए–87 रकबा 350 वर्ग गज, भूखण्ड संख्या ए–98 रकबा 350 वर्ग गज, भूखण्ड संख्या ए–97 रकबा 350, भूखण्ड संख्या ए–559 रकबा 311.11 वर्ग गज कुल 1361.11 वर्ग गज।

उक्त आवंटित भूखण्ड में से अवार्डी श्री जवाहर सुराणा द्वारा अवगत करवाया गया कि आवंटित भूखण्ड संख्या ए–97 व ए–98 पर पक्के निर्माण एवं अवैध कब्जे हैं व आवंटित भूखण्ड संख्या ए–599 100 मीटर दायरे के बाहर 500 मीटर दायरे में हैं। अतः उक्त आवंटित भूखण्ड

संख्या ए–599 स्वीकार नहीं है। अतः इसके स्थान पर अन्य भूखण्ड 100 मीटर दायरे में उपलब्ध करवाया जावे।

सेक्टर–ए विवेक विहार योजना में कार्यरत् कनिष्ठ अभियन्ता श्री आनन्द बोहरा ने अपनी भौतिक रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि भूखण्ड संख्या ए–58, ए–97 व ए–98 पर अवैध कब्जे व निर्माण है व अवार्डी के अवाप्त भूखण्डों के 100 मीटर दायरे में वर्तमान योजना के भूखण्ड संख्या 1 से 26 व 50 से 107 आते हैं। उक्त तथ्य को मध्यनजर रखते हुए अवार्डियों को पूर्व में आवंटित भूखण्ड अगर बदले जाते हैं तो उन्हें 1 से 26 व 50 से 107 में शेष/खाली रहे भूखण्डों में से आवंटित किये जाने हैं। तहसीलदार–दक्षिण द्वारा दिनांक 25 जुलाई, 2012 को सेक्टर–ए में कॉर्नर भूखण्डों के अलावा उपलब्ध भूखण्डों का विवरण दिया गया है जो निम्न प्रकार है:–

सेक्टर–ए
कॉर्नर भूखण्ड के अलावा उपलब्ध भूखण्डों का विवरण

क्र.सं.	भूखण्ड का आकार (वर्ग गज में)	भूखण्ड संख्या
1.	15x30 (50)	201, 203, 204, 527, 528, 531, 533, 536, 537, 539, 542, 543, 544, 546, 547, 548
2.	20x40 (88.88)	--
3.	20x50 (111.11)	--
4.	30x50 (166.66)	--
5.	30x60(200.00)	--
6.	35x60 (233.33)	225, 236, 238, 251, 262, 269, 311, 299, 319, 337, 340, 342, 346, 347, 348, 354, 355, 356, 359, 361, 364, 256
7.	40x60 (266.66)	333
8.	40x70 (311.11)	579, 599, 529
9.	45x70 (350.00)	40, 41, 46, 51, 62, 67, 78, 79, 93, 99, 102, 115, 116, 480, 505, 508, 512, 515, 523
10.	50x90 (500.00)	155

अतः अगर प्रार्थी के भूखण्डों को बदलने का निर्णय होता है तो उपरोक्त सूची में से भूखण्ड आवंटित किये जा सकते हैं।

प्रार्थी श्री जवाहर सुराणा ने अपने सुझाव अनुसार अवार्ड संख्या 243/26/1 में आवंटित भूखण्ड संख्या ए–58 के स्थान पर भूखण्ड संख्या ए–67 आवंटित किया जावे व अवार्ड संख्या 243/25 में आवंटित भूखण्ड संख्या ए–97 व ए–98 के स्थान पर भूखण्ड संख्या ए–51 व भूखण्ड संख्या ए–102 आवंटित किये जावे व भूखण्ड संख्या ए–599 जो करीब 500 मीटर दूर है उसे कृपया भूखण्ड संख्या ए–78 में से 347 वर्ग गज का भूखण्ड बनाकर आवंटित किया जाये। यहां उन्होंने अपने पत्र में उल्लेखित किया है कि भूखण्ड संख्या ए–78 की चौडाई 82 फीट व गहराई औसतन 72 फीट है इसलिए इस भूखण्ड के दो टुकडे किये जाने प्रस्तावित है।

बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 20 :: मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया में आवंटित आवासगृहों के संबंध में।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 17 फरवरी, 2012 के प्रस्ताव संख्या 12 के अनुसार खसरा संख्या 824/751 पर रहवासीय व कब्जा सुदा भूखण्ड के बदले (एवज) मामा अचलेश्वर प्रसाद

2114-52
31/12

नगर सांगरिया आवासीय योजना में राज्य सरकार के पत्र कमांक प–3 (176) नविवि/3/84 दिनांक 13 अक्टूबर, 2011 में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार कब्जा व पक्ष में अन्य दस्तावेज के अनुसार स्वामित्व प्रमाणित होता है उन व्यक्तियों को रियायती दर पर आवास आवंटन किया जावे एवं जिनका कब्जा प्रमाणित नहीं होता है, उन्हें आरक्षित दर पर आवंटन किये जाने का उल्लेख है। उक्त बिन्दु कार्यकारी समिति निर्णय को दिनांक 23 अप्रैल, 2012 को कार्यकारी समिति की बैठक प्रस्ताव संख्या 34 के बिन्दु 4 में यह निर्णय लिया गया कि दिनाांक 17 फरवरी, 2012 में लिये गये निर्णय का अनुमोदन करते हुए आवंटन पत्र के अनुसार लीज डीड जारी करने हेतु उपायुक्त–दक्षिण को निर्देशित किया गया है। आवंटन किस दर से लिया जाना है एवं लीज राशि किस दर से वसूल की जानी है, यह निर्धारण व निर्णय हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निदेशक–वित्त एवं निदेशक–विधि की इस संबंध में पत्रावली पर रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। उक्त रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए तत्समय प्रचलित आरक्षित दर से राशि वसूल की जावे।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

कमांक/बैठक/2012/DCE/JDA-III/1802-IV | 2114-दिनांक :: 31/12/2012 | 2152

प्रतिलिपिः–

01. प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर
02. जिला कलक्टर महोदय, जोधपुर
03. जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, जोधपुर
04. आयुक्त (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) नगर निगम, जोधपुर
05. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
06. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जोधपुर
07. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
08. प्रबन्धक निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड
09. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम
10. उप निदेशक, पर्यटन, जोधपुर
11. निदेशक, अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
12. निदेशक, नगर नियोजन, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
13. निदेशक, वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
14. निदेशक, विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. निजी सचिव (आयुक्त/अध्यक्ष महोदय), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. मैसर्स ओसवाल डाटा प्रोसेस, कार्यालय परिसर, जोधपुर – वेबसाईट पर प्रदर्शन हेतु।
17. .....

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

2114-50
3/10/12

परिशिष्ट–1

दिनांक 28 सितम्बर, 2012 को प्रातः 11.00 बंजे श्री रतन लाहोटी, आय ुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण

1.	श्री हरिप्रसाद पिपरलिया, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
2.	श्री एस.एल. सेठी, निदेशक–आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
3.	श्री एम.एस. रावल, निदेशक–अभियांत्रिक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
4.	
5.	श्री नरपत सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पुलिस कमिशनरेट, जोधपुर
6.	श्री मनीष अग्रवाल, अति. पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
7.	श्री काशी प्रसाद, ए.ई.ई., 45, सीमा सडक कृतिक बल, जोधपुर
8.	श्री पी.सी. चौहान, प्रबन्धक (यातायात), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
9.	श्री वी.के. वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता, डिविजन–II, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर
10.	श्री नन्दलाल शर्मा, मुख्य विधि सहायक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
11.	डॉ. शशि शर्मा, उपायुक्त–उत्तर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
12.	श्री भागीरथ विश्नोई, उपायुक्त–दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
13.	श्री महेन्द्रसिंह, उपायुक्त–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
14.	श्रीमती सीमा कविया, उपायुक्त–पूर्व, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 28 सितम्बर, 2012 का परिशिष्ट–2

1– :: विद्युत विकास कार्यों के संबंध में।

अ प्रशासनिक स्वीकृति एवं वितीय स्वीकृति से अधिक कार्यों की सूची

क्र.सं.	कार्य का नाम	प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति लाखो में	टेण्डर प्रिमियम	अनुबंध संख्या	कार्यादेश राशि लाखो में	अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति की आवश्यकता है लाखो मे	विशेष /विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण
1	शुगालेश्वर पार्क व मंदिर का जीर्णोद्वार कार्य।	19.75	19.40 % Above	1/12-14	23.75	4.00	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
2	भदवासिया मस्जिद का विस्तार एवं निर्माण कार्य।	30.00	14 % .Above	8/12-13	32.71	2.71	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
3	युनानी दवाखाने के पास उदयमंदिर में प्रथम तल पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	17.65	30 % .Above	10/12-13	21.92	4.27	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
4	वार्ड नं. 64 में विकास कार्य।	95.00	19.99% Above	12/12-13	109.10	14.10	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है।

							अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
5	उतर जोन में मुटाम लगाने का कार्य। (वार्षिक अनुबन्ध में)	50.00	40 % Above	13/12-13	66.97	16.97	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
6	बन्जारा समाज श्मशान में सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य।	18.00	15 % Above	14/12-13	19.45	1.45	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है
7	इन्द्रा कॉलोनी में नहर कवरिंग का कार्य।	85.00	7.25 % Above	15/12-13	87.25	2.25	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
8	वार्ड नं. 53 मगराज जी का टांका बावरी बस्ती में सामुदायिक भवन एवं चार दीवारी का निर्माण कार्य।	15.00	34.50 % Abvoe	17/12-13	19.29	4.29	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
9	राम मौहल्ला में प्रथम तल पर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	25.00	29 % Abvoe	24/12-13	32.24	7.24	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
10	इस्लामिया स्कूल	32.00	9.88 % Abvoe	27/12-13	33.64	1.64	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव

	खारिया कुआ उदयमंदिर में कक्षा कक्ष एवं हॉल का निर्माण कार्य।						वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
11	सुखेश्वर बगेची कृष्ण धाम कागा में सामुदायिक भवन हॉल एवं अन्य विकास कार्य।	23.50	5.65 % Abvoe	28/12-13	23.74	0.24	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
12	भील समाज श्मशान कागा मं सामुदायिक हॉल व चार दीदारी का निर्माण कार्य	21.00	18.50 % Abvoe	39/12-13	23.31	2.31	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
13	बतासागर वार्ड सं. 51 मे प्रथम तल पर सामुदायिक भ्वन का कार्य	12.50	35 % Abvoe	40/12-13	16.16	3.66	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
14	मिरासी कॉलोनी मे अधुरे सामुदायिक भवन का शेष कार्य	6.95	19 % Abvoe	43/12-13	7.92	0.97	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
15	वीर तेजा मंदिर जाट विश्रार्थी	34.60	8.99 % Abvoe	44/12-13	36.11	1.51	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव

	स्थल मे अधुरे हॉल व टॉयलट ब्लॉक का कार्य						वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
16	ग्राम पंचायत माणक लाव मे चार न टयुबवल स विश्नोई क बर तक सडक निर्माण कार्य	40.00	14.98 % Abvoe	45/12-13	44.16	4.16	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
17	सैनिक क्षेत्रिय समाज मडोर मे विकास कार्य	45.00	24.81 % Abvoe	46/12-13	53.71	8.71	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
18	मदरसा माइनुल इस्ला प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 50 मे विकास कार्य	10.00	16.50 % Abvoe	47/12-13	11.65	1.65	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
19	रामा का प्याउ इन्द्रा कॉलोनी सार्वजनिक सभा भवन का निर्माण कार्य	18.00	12 % Abvoe	48/12-13	19.30	1.30	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
20	पीपा क्षत्रिय समाज क कागा स्थित स्वर्गाश्रम मे जीणेद्वार	8.00	15 % Above	50/12-13	8.16	0.16	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत

	का कार्य						है।
21	उदयमंदिर स्थित राजकीय सिनियर सैकन्ड्री स्कूल में प्रथम तल पर हॉल का निर्माण कार्य	8.75	29 % Above	52/12-13	10.67	1.92	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
22	लतीफशाह दरगाह उदयमंदिर म मैनगट स्नानघर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य	25.00	29 % Above	53/12-13	30.87	5.87	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
23	इस्लामिया स्कूल उदयमंदिर भूतल एवं प्रथमतल पर कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य	28.50	29 % Above	54/12-13	35.18	6.68	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
24	श्री करणी क्षेशणिक संस्थान चरीटेबल टस्ट नागौरी गट मे हॉल का निर्माण कार्य	16.00	29.55 % Above	55/12-13	17.17	1.17	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
25	उदयमंदिर वार्ड नं 49 पशुवधग्रह की जमीन पर	24.00	59/12-13	5.50 % Above	24.48	0.48	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है।

	सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य						अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
26	जनहित सेवा संस्थान उदयमंदिर में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य	24.00	61/12-13	10.81 % Above	25.72	1.72	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
27	महाराजा उम्मेद कायमखानी होस्टल जोधपुर में कमरों का निर्माण कार्य	22.50	62/12-13	7.86 % Above	23.18	0.68	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
28	निम्बा निम्बड़ी दरगाह में शेष कार्य।	8.05	15 % Abvoe	8/12-13	8.85	0.80	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
29	मेघवाल समाज श्मशान/बस्ती, कागा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (वार्ड नं. 53)	18.50	18.30 % Abvoe	17/12-13	20.99	2.49	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
30	बम्बाबारी के अंदर सामुदायिक भवन (भूतल) एवं	20.75	5 % Abvoe	18/12-13	20.84	0.09	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत

	राजीव गांधी वाचनालय प्रथम तल का निर्माण कार्य।						है।
31	चामुण्डा कॉलोनी पहाडी पर सामुदायिक भवन का कार्य	7.50	54 % Above	31-C/12-13	11.01	3.51	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
32	रामेश्वर महादेव मंदिर कागा मे प्रथम तल पर सामुदायिक भवन का कार्य	15.00	29 % Above	94/12-13	17.79	2.79	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
33	घांची समाज श्मशान कागा में विकास कार्य।	7.00	5 % Above	110/12-13	7.06	0.06	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
34	मस्जिद के पास सूरसागर वार्ड नं. 65 में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	9.00	6.11 % Above	111/12-13	9.16	0.16	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
35	वर्गी समाज कागा श्मशान में सामुदायिक भवन व स्नानघर,	9.00	8 % Above	114/12-13	9.50	0.50	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत

	सीमेन्ट की बेंच लगाने का कार्य।						है।
36	सरगरा समाज श्मशान कागा में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	20.00	17.25% Above	6/12-13	22.50	2.50	टीपी के कारण कार्यादेश राशि प्रशासनिक एव वितीय स्वीकृति से अधिक है। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

2– :: जोन पश्चिम–बी व ए के विकास कार्यों के संबध में।

(1) स्वीकृत वित्तीय एवं प्रशासनिक राशि से अधिक के दिये गये कार्यादेशों की राशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में

अधिशाषी अभियन्ता पश्चिम जोन ए व बी द्वारा वर्ष 2012–13 में जारी किये गये कार्यादेश टी.पी. के कारण अधिक राशि के जारी किये गये है। अतः निम्न कार्यो की अतिरिक्त प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रकरण प्रस्तुत है।

जोन पश्चिम ''ए''

क्र. स	कार्य का नाम	प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति (लाखों में)	टेण्डर प्रिमियम	अनुबंध संख्या	कार्यादेश राशि (लाखों में)	अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति (लाखों में)
1	2	3	4	5	6	7
1	राजीव गांधी नगर योजना से अर्फोडेबल हाउसिंग स्कीम होते हुए जैसलमेर बाईपास तक सडक निर्माण कार्य	230.00	4.50% Above	18/12-13	233.08	3.08
2	राजीव गांधी नगर योजना में शेष भूखण्डो के मुटाम लगाने का कार्य।	32.12	40% Above	24/12-13	43.03	10.91
3	धानका समाज बाबा रामेदव मंदिर मसूरिया का जीर्णोद्वार का कार्य	8.50	12.51% Above	25/12-13	9.15	0.65
4	मेघवाल बस्ती मसूरिया, बाबा रामदेव मंदिर के सामने नाले पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	13.11	12% Above	29/12-13	14.05	0.94
5	जाटव समाज श्मशान	19.00	9.90% Above	47	19.98	0.98

	में सामु. भवन एवं चार दीवारी का कार्य।					
6	श्याम मनोहर नगर में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	9.25	9.90% Above	51/12-13	10.04	0.79
7	चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड के शमशान के लिए सड़क निर्माण कार्य।	6.10	11.25% Above	53	6.4	0.30
8	वार्ड नं. 21 बालाजी कॉलोनी से टी.वी. टावर रोड निर्माण कार्य।	28.55	11% Above	54	30.4	1.85
9	वार्ड नं. 21 मुस्लिम समुदाय के लिये सामुदायिक भवन निर्माण बाबत (नाले पर)	18.10	10% Above	84	19	0.90
10	यूआईडी एसएसएमटी के अन्तर्गत डाली गई सीवर लाईन कॉलोनियों में सडको का निर्माण कार्य	13.11	24.49% Above	87	448.78	93.78
11	आदेश्वर नगर में सडक निर्माण कार्य।	19.85	7.62% Above	88	20.43	0.58
12	कुलदीप विहार में सडक निर्माण कार्य।	19.85	7.62% Above	89	20.43	0.58
13	कुम्हारो की बगेची मसूरिया के पास स्थित नाले पर सार्व. यूरिनल निर्माण कार्य।	2.85	8.99% Above	93	2.97	0.12
14	पंचमुखा बालाजी मंदिर रोड पर सडक निर्माण कार्य	12.05	7.71% Above	103	12.41	0.36
15	विश्वकर्मा नगर रिलायंस पेट्रोल पम्प पाल रोड में डामरीकरण कार्य।	5.30	7.71% Above	107	5.44	0.14
16	कुम्हारो की बगेची से न्यु कोहिनुर सिनेमा तक सडक निर्माण कार्य।	27.55	6.30% Above	108	28.03	0.48
17	मेघवाल बस्ती मसुरीया रोड पर सडक निर्माण कार्य।	17.25	7.39% Above	111	17.71	0.46
18	आखलिया चौराहा से आईसक्रिम फेक्ट्री होते हुए पीपलेश्वर महादेव तक सडक निर्माण कार्य।	15.00	8.99% Above	114	15.59	0.59

19	श्रमिकपुरा सेक्टर ए.बी.सी. मसुरिया में सडक निर्माण कार्य।	70.95	7.46% Above	115	72.96	2.01
20	मारवाड नगर में डामर रोड निर्माण कार्य।	24.50	8.99% Above	116	25.55	1.05
21	चौपासनी मुख्य सडक से चौपासनी राजकिय चिकित्सालय व आगे तक सडक डामरीकरण कार्य।	40.00	7% Above	121	41.14	1.14
22	चौपासनी रोड से चौपासनी स्कूल में देवी मन्दिर तक डामरीकरण का कार्य	30.00	7.25% Above	122	30.77	0.77
23	वार्ड नम्बर 09 में सडक डामरीकरण का कार्य	24.55	9% Above	127	25.6	1.05
24	ग्राम चौखा के सोलंकियो का बास बालोजी मन्दिर मूं हनुमानपुरा होते हुए साभला बाध तक सडक निर्माण	28.60	13.48% Above	132	31.05	2.45
	योग :–	**1058.03**			**1183.99**	**125.96**
जोन पश्चिम ''बी''						
2012–13						
1	रामदेव कॉलोनी में रामदेव मंदिर के पास सार्वजनिक सभा भवन का निर्माण कार्य।	6.70	1% Above	04/12-13	6.74	0.04
2	भोमिया जी के थान स्थित क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य।	13.10	5% Above	31	13.16	0.06
3	वार्ड नं. 13 में विभिन्न स्थानो (पहाडी क्षेत्र) में सडक निर्माण कार्य।	40.85	4.48% Above	48	41.04	0.19
4	आखलिया चौराहा पर स्थित सेक्टर ए,बी,सी तथा डी शोपिंग सेन्टर में सीवर लाईन का कार्य।	34.75	11% Above	55	36.89	2.14
5	वार्ड नं. 10 एवं 11 में विभिन्न स्थानों पर सडक निर्माण कार्य।	71.40	11% Above	91	75.83	4.43
6	वार्ड नं. 2 से 11 नहर के पास एवं साईड की सडको पर से सडक निर्माण कार्य।	99.40	8.11% Above	57	102.81	3.41
7	माचिया सफारी पार्क	65.90	11.25%	56	70.5	4.60

	से किले तक सडक निर्माण कार्य।		Above			
8	वार्ड नं. 2 राजीव गांधी कोलोनी में सडक निर्माण कार्य।	54.50	4.90% Above	58	54.68	0.18
9	ई 24 के सामने हुडको क्वार्टर कमला नेहरू नगर के श्रीराम सा पार्क अपूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु	3.00	19.50% Above	67	3.58	0.58
10	वार्ड नम्बर 65 मे विभिन्न स्थानों पर 11सीवर लाईन एंव सीसी सडक का कार्य।	27.00	13.94% Above	101	29.21	2.21
11	बी टी रोड सेक्टर ए बी सी एस डी आफ आखलिया शॉपिग सेन्टर	51.05	7.36% Above	109	52.44	1.39
12	शाहिदा इदगाह में सामूदायिक भवन निर्माण कार्य	21.30	9.99% Above	112	22.26	0.96
13	बडी भील बस्ती सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य	24.50	16% Above	113	24.95	0.45
14	मावडीयो की ढाणी के पास सा.वि. सभा भवन निर्माण कार्य	13.50	18% Above	130	15.14	1.64
15	सिद्धनाथ मन्दिर के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य मय सुविधा	29.40	77% Above	133	32.99	3.59
16	चतुसम्प्राय वैष्णव श्मशान के पास सार्व. श्मशान में चबुतरा निर्माण एवें अन्तिम संस्कार स्थल पर टीन शेड लगाने का कार्य	3.00	58%Above	134	4.73	1.73
	योग :–	**559.35**			**586.95**	**27.60**

3– :: जोन उत्तर–ए व बी विकास कार्यों के संबंध में।

A	**संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति जारी करने तथा अधिक एवं अतिरिक्त कार्य स्वीकृति हेतु।**	
	1	**गांधीपुरा बीजेएस मे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (46)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स नरपत कन्स. कं. से इस कार्य से उक्त कार्य 17.50 प्रतिशत अबोउ दर आई है। संवेदक को कार्यादेश 29.40 लाख का दिया गया है जबकि वितीय स्वीकृति 25.00 लाख की है इसी कार्य के साथ बीजेएस में विभिन्न सामुदायिक भवनो का एवं बीजेएस

		स्कूल मे स्टेडियम का लोकापर्ण माननीय मुख्यमत्री द्वारा किया गया है। उन भवनो पर रंगरोगन अन्य आवश्यक कार्य करवाया गया है। जिस पर अतिरिक्त व्यय रूपये 5.60 लाख की स्वीकृति दिनांक 10.07.12 को प्राप्त की जा चुकी है। उपरोक्त कार्य की कुल संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति 29.40 + 5.60 = 35.00 लाख की स्वीकृति तथा अतिरिक्त एवं अधिक राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	2	**खेतानाडी मे सडक निर्माण कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (81)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स संदीप परिहार से इस कार्य से उक्त कार्य 8.01 प्रतिशत बिलो में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि उपरोक्त कार्य मे ही कुछ और गलियों को भी सीसी सडक बनवाई जावे। उपरोक्त कार्य को करवाने के लिए रू. 32,60,093.40 की अधिक राशि की आवश्यकता होगी। कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति रू. 40.50 लाख है उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू. 68,25,819.90 लाख की संशोधित वितीय एवं प्रशासिनक स्वीकृति की आवश्यकता होगी। अतः रू. 68,25,820/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा अधिक एवं अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	3.	**किसान कन्या सिनियर सैकण्डरी बालिका विद्यालय नागौरी बेरा मे विकास कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (88)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स रामेश्वर कन्स. कं. से इस कार्य से उक्त कार्य बी.एस.आर. में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि किसान कन्या, नागौरी बेरा सीनियर सैकण्डरी स्कूल मे लॉन मे जोधपुर मशीन कट कर्बस्टोन एवं इंटरलोकिंग टाईल्स लगवाई जावे जो कि उपरोक्त कार्य के अंतर्गत ही करवाया जाए। उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू0 19,04,040/– की अतिरिक्त राशि एवं रू. 1,07,415/– की अधिक राशि बनती है कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति 4. 50 लाख है अतः उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू0 24,42,192.50 की आवश्यकता है। अतः रू0 24,42,192.50 संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा अधिक एवं अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	6	**सांसी बस्ती मदवासियां रोडवेज डिपो के सामने वाचनालय का निर्माण कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (101)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स प्रभु कन्स. से इस कार्य से उक्त कार्य 9.99 प्रतिशत अबोउ में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि रॉकफेसिंग की जगह मंदिर के आगे Kadau Lirri लगवाई जाये उपरोक्त क्षेत्र को बढा दिया जाये। अतः उपरोक्त कार्य को करवाने के लिए अतिरिक्त राशि रू.0 446693/– बनती है एवं कार्य की अधिक राशि रू. 3,55,885/– बनती हैं कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति 6.00 लाख है अतः उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू0 13,35,470/– की आवश्यकता होगी। अतः रू0 13,35,470/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा रू. 4,46,693 की अतिरिक्त राशि एवं रू. 3,55,885 की अधिक राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	8	**रूपनगर महामंदिर मे छात्रावास मे फर्नीचर का कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (85)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स राकेश बिल्डर्स से इस कार्य से उक्त कार्य एच शेडयुल में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि उपरोक्त कार्य के अंतर्गत ही फर्नीचर का कार्य का दायर बढवाया जाए। उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू. 7,32000/– की अधिक राशि एवं रू.

		3,69,606/– की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी। कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति रू. 15.60 लाख की है उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू. 18,89,306/– की संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति की आवश्यकता होगी। अतः रू. 18,89,306/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु रू. 7,32000/– अधिक राशि एवं रू. 3,64,606/– अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	11	**मां भुवनेश्वरी माता मंदिर नागौरी बेरा के पास पार्क में विकास कार्य।** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (40)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स नेमसिंह कच्छवाह से इस कार्य से उक्त कार्य 5.86 प्रतिशत बिलो में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि पार्क में मिट्टी भरवाई जावे, फुटपाथ एवं क्रेजीमार्बल लगवाया जावे। उपरोक्त वर्णित कार्यो के लिए रू. 1332114/– की अधिक राशि एवं रू0 546288/– की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी। कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति रू0 17.56 लाख की हैं उपरोक्त सभी कार्यो को करवाने के लिए रू. 3405891/– की संशोधित वितीस एंव प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता होगी। अतः रू. 3405891/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु रू. 1332114 अधिक राशि एवं रू. 546288 अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	13	**राजकीय उ.प्रा.वि. सांसी बस्ती महामंदिर से प्रथम ताल पर कक्षाकक्ष का निर्माण कार्य।** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (64)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स हकीम खिलजी एन्टरप्राईजेज से इस कार्य से उक्त कार्य 35 प्रतिशत अबोउ में करवाया गया। जनप्रतिनिधियों व अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि नई कक्षाए, पुस्तकालय भवन, पानी की प्याऊ, शौचालय, पुराने कमरो की पुनः फर्श, प्लास्टर इत्यादि कार्यो की भी इसी कार्य के अन्तर्गत जो कि प्रगतिरत है करवाया जावे। उपरोक्त वर्णित कार्यो के लिए रू. 19,28,689/– की अधिक राशि एवं रू0 5,95,395/– की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी। कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति रू0 12.00 लाख की हैं उपरोक्त सभी कार्यो को करवाने के लिए रू. 39,33,839/– की संशोधित वितीस एंव प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता होगी। अतः रू. 39,33,839/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा रू. 5,95,395/– अधिक राशि एवं रू. 19,28,689/– अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	18	**तिलक नगर द्वितीय मे सामुदायिक भवन का शेष कार्य** अधिशाषी अभियंता के कार्यालय आदेश एफ 38 (29)/2012–13 की अनुपालना में मैसर्स उगम सिह गहलोत से इस कार्य से उक्त कार्य 19.56 प्रतिशत अबोउ में करवाया जा रहा है। मौहल्ला विकास समिति तिलक नगर द्वितीय व क्षेत्रीय पार्षद का अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रेसित पत्र प्राप्त हुआ जिसमें बताया गया कि उक्त सामुदायिक भवन के साथ में एक रसोईघर का निर्माण व पाक की चार दीवारी व मुख्यद्वार निर्माण कार्य इसी कार्य के अन्तर्गत जो कि प्रगतिरत है करवाया जावे। उपरोक्त कार्यो को करवाने के लिए रू. 7,05,861/– की अधिक राशि एवं रू. 5,28,887/– की अतिरिक्त राशि की आश्यकता होगी। कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति रू0 6.50 लाख की हैं उपरोक्त सभी कार्यो को करवाने के लिए रू. 19,64,860/– की संशोधित वितीस एंव प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता होगी। अतः रू. 19,64,860/– की संशोधित वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा रू. रू. 7,05,861/– की अधिक राशि एवं रू. 5,28,887/– की

		अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।
	B	90 दिवस से अधिक से विलम्ब होने पर कार्यादेश स्वीकृति हेतु।
	1	राजीव गांधी कॉलोनी माटी चौराहा मे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य (विधायक मद) प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 15 मे आईटम सं. 1 में एक ही फर्म की कॉपी प्राप्त हुई है जिसमें मैसर्स फादर्स कन्स. कं. की दर 21.00 प्रतिशत अबोउ थी। नेगोशियेशन पश्चात संवेदक द्वारा 19.99 प्रतिशत संशोधित दर प्रस्तुत की। कार्यादेश हेतु निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के कारण संवेदक को कार्यादेश दिये जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

2